## महत्वपूर्ण एवं खास

### आग से झुलसी महिला की ईलाज के दौरान मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आग में जलने के बाद अस्पताल में डेढ़ माह पहले ईलाज के लिए भर्ती बुजुर्ग महिला की बुधवार को मौत हो गई. मृतिका का नाम मेमबाई यादव बताया गया है. घटना के बारे में बताया गया कि मृतिका मेम बाई यादव पति घूर साय यादव 65 साल बीते 10 फरवरी को अपने घर में ठंड से बचने के लिए जलते चुल्हे के पास बिस्तर लगाकर सोयी हुई थी, इसी दौरान चुल्हे की एक चिंगारी महिला के बिस्तर तक पहुंच गई. जो धीरे धीरे महिला के कपड़ों को भी अपने कब्जे में कर लिया. जब तक महिला को बचाने के लिए परिवार के लोग वहां पहुंचे, तब तक वह काफी हद तक झुलस गई थी, जिसके बाद उसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई.

### चुनाव प्रचार रैली, आमसभा, जुलूस, लाउडस्पीकर के अनुमति के लिए सिंगल विंडो की स्थापना

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार रैली, आमसभा, जुलूस, लाउड स्पीकर के अनुमति के लिए कलेक्टेट कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 11 में सिंगल विंडो' की स्थापना की गई है। जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अविनाश सिंह ठाकुर को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहयोग हेतु छ.ग.विद्युत मंडल रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता गुंजन शर्मा, नगर निगम रायगढ़ के उपायुक्त पंकज मित्तल, शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड-3 व्ही.बी.टोप्पो, महिला बाल विकास विभाग के सहायक ग्रेड-3 देवेन्द्र वर्मा एवं वन विभाग रायगढ़ के भृत्य रविशंकर यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सर्व दलों का प्रशिक्षण 25 मार्च को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सर्व दलों में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण बैठक 25 मार्च को दोपहर 2 बजे सृजन सभाकक्ष रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने सर्व सहायक व्यय प्रेक्षक, सर्व लेखा टीम, सर्व उडऩ् दस्ता दल, सर्व स्थैतिक निगरानी दल, सर्व विडियो निगरानी दल, सर्व विडियो अवलोकन दल को प्रशिक्षण बैठक में उपस्थित होने हेतु कहा है। अधिकारी-कर्मचारी परिचत्र पत्र जारी करने हेतु दो पासपोर्ट साइज फोटो भी साथ लाना सुनिश्चित करें, ताकि परिचय पत्र जारी किया जा सके।

### विद्यार्थियों को दी गई ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीन की जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय महाविद्यालय पुसौर में विद्यार्थियों के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीन के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया एवं उनकी शंकाओं का भी समाधान किया गया। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के शासकीय महाविद्यालय एवं जिला शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कर्मचारीगण एवं छात्राओं को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीन के संबंध में जानकारी दी गई।

# दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण, एसडीएम व निगम आयुक्त की संयुक्त कार्यवाही





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** महात्मा गांधी चौक सहित शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर जिला प्रशासन और निगम कर्मियों के द्वारा व्यवसायिक अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। एसडीएम रायगढ़ और निगम आयुक्त ने मौके पर उपस्थिति होकर इस कार्यवाही को अंजाम दिया। एसडीएम रायगढ़ भागवत जयसवाल ने बताया कि आज की कार्रवाही में प्रशासनिक अमला कब्जेदारों को नोटिस और समझाइश देकर अतिक्रमित कब्जा हटाने को कहा गया। व्यवसायिक अतिक्रमण के सम्बंध में कहा गया कि अगली बार दोषी कब्जेदारों पर सीधे जप्ती की कार्यवाही की जायेगी। आम तौर पर यह देखा गया है कि इस तरह की कार्यवाही सिर्फ गरीब पसरा लगाने वालों पर होती है, जबकि बड़े दुकानदार प्रशासनिक अमले के निकलते ही सड़क पर वापस दुकान का समान निकाल लेते है, उन पर पर कब कार्रवाही होगी इसपर हमारे संवाददाता के प्रश्न पर एसडीएम ने कहा कि आज उन्हें भी बराबर की समझाईश दी गई है, दुबारा ऐसा करता पाए जाने पर प्रेस हमे सूचित करें, प्रशासन कड़ी कार्वाही करेगा।

## कलेक्टर ने किया ग्राम पण्डरीपानी एवं जुर्डा में विकसित वन का अवलोकन



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज ग्राम पण्डरीपानी में 2 एकड़ एवं ग्राम जुर्डा में 5 एकड़ जमीन में जंगल के रूप में विकसित किए जा रहे वन का अवलोकन किया। उन्होंने जापानी पद्धति से विकसित इस वन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां सघन रूप में रोपित पौधे आने वाले वर्षो में मोहक एवं खूबसूरत दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर पर्यावरण के लिए यह कारगर उपाय है। उल्लेखनीय है कि जापानी पद्धति के तहत डेढ़ फीट की दूरी पर कतार से पौधे रोपित किए गए है जिससे एक खूबसूरत नजारा देखने को मिला। पण्डरीपानी एवं जुर्डा में जैव विविधता से भरपूर एक लाख पौधे वृक्षों के रूप में खूबसूरत घने जंगल के रूप में विकसित हो रहे है। प्रदूषण को दूर करने की दिशा में यह प्रभावी उपाय साबित होगा। जापानी पद्धति से सीसम, आंवला, पीपल, बेल, गुलमोहर, अमरूद, तुलसी, पेलटाफोरम, हरसिंगार, महुआ, कटहल, सागौन, पाकुल, पपीता, जामून, करंज, अमलताश, बादाम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे है। जापानी पद्धति से पौधा लगाने से पौधे जल्दी बढ़ते है एवं कम स्थान घेरते है। इस अवसर पर जनपद सीईओ आशीष देवांगन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शर्मा एवं अरूण सोम उपस्थित थे।

## आरएल हॉस्पीटल में मरीज की मौत

### गलत इंजेक्शन लगाने से हुई मौत- परिजनों का आरोप



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** हड्डी रोग के लिए शहर में चर्चित आरएल हॉस्पीटल में बुधवार उस समय विवाद उत्पन्न हो गया, जब यहां पर ईलाज के लिए भर्ती एक मरीज की मौत हो गई. मामले में परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में हुए लापरवाही के कारण मरीज की मौत हो गई. अब अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ परिवार के लोगों ने कार्रवाई की मांग की है. वहीं अस्पताल प्रबंधन की तरफ से ऐसी किसी बात से इंकार किया गया है.

घटना के बारे में बताया गया कि सुभाष कुर्रे पिता हेमलाल कुर्रे 35 साल रामपुर कोरबा निवासी बीते 12 मार्च को रायगढ़ ढिमरापुर ईलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था. जहां उर्दना के पास बाईक से जाने के दौरान पीछे से आ रही ट्रक को साईड देने की कोशिश में गाड़ी रोड से नीचे उतरने के बाद असंतुलित हो गई और गाड़ी सुभाष कुर्रे के पैरों पर गिर गई. जिससे उनका एक पैर टूट गया. बाद में सुभाष को ईलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां से बीते 16 मार्च को उन्हें बेहतर ईलाज के लिए आरएल हॉस्पीटल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. प्रशांत अग्रवाल के पास परिजन लेकर गए. तीन दिन तक भर्ती रहने के बाद आरएल हॉस्पीटल में मंगलवार को सुभाष के पैरों की टूटी हड्डी का ऑपरेशन किया गया और इसके बाद वार्ड में भर्ती करा दिया गया.

परिजनों का कहना है कि- आपरेशन के बाद सुबह अस्पताल की एक नर्स सुभाष को इंजेक्शन लगाने के लिए पहुंची. लेकिन इंजेक्शन लगाने के बाद नीडिल सुभाष के शरीर से बाहर भी नहीं निकल पाई थीं और उसे दो झटके लगे और उसके बाद सांसे थम गई. अब यही इंजेक्शन लगाना विवाद का कारण बन गया. परिजनों ने सीधा आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन में इंजेक्शन लगाने में हुए लापरवाही के कारण सुभाष की मौत हुई है. जिसके लिए अस्पताल जिम्मेदार है. मामले में आरएल हॉस्पीटल के डा. प्रशांत अग्रवाल ने इंजेक्शन लगाने के कारण हुए मौत के आरोपों से इंकार किया है. उनका कहना था कि मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट था. उन्होंने बताया कि परिजनों का जो भी आरोप है, अगर इसकी पुष्टि करानी है तो बेहतर होगा कि मृतक का पीएम कराया जाए. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का पोस्टमार्टम किया जा चुका है, और विसरा आगामी जॉंच हेतु सुरक्षित लैब में भेजा चुका है, जिसकी रिपोर्ट का पुलिस को एवं परिजनों को इंतजार है। इधर मृतक के कफन दफ़न हो चुकने की भी जानकारी मिली है। बहरहाल ये तो है कि इस मामले में निष्पक्ष जॉच की जानी चाहिए।

## देशी कट्टे और कारतूस के साथ युवक पकड़ाया, पुलिस ने की जिलाबदर की मांग

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोक सभा चुनाव को देखते हुए शहर की पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने देशी कट्टे और 5 ज़िंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. बताया गया कि युवक आदतन अपराधी है जिसके कारण चुनाव के दौरान उसके जिलाबदर की मांग की गई है .

इस कार्रवाई के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिट्ठुमुड़ा हीरानगर निवासी राजऊ उर्फ़ राजुद्दीन को कबीर चौक कांशी राम मोहल्ले में संदिग्ध हालात में देखा गया जिसके बाद पेट्रोलिंग के लिए पहुंची पुलिस ने तलाशी की तो उसके पास से एक देशी रिवोल्वर और 5 ज़िंदा कारतूस बरामद किए गए.

**21 बार पहले हुई कार्रवाई–** गिरफ्तार युवक के बारे में पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ पिछले कुछ सालों में 21 अलग अलग मामलों में अपराध किया गया है. पुलिस ने उसे आदतन अपराधी मानते हुए कलेक्टर से जिलाबदर करने की मांग की है.







तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480